# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in email: helputuums@uktech.ac.in


## बी0टेक0 एवं बी0फार्म0 द्वितीय वर्ष में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग वर्ष 2023–24 की सूचना

वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के कैम्पस संस्थानों एवं समस्त स्वायत्तशासी/निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी जी0बी0पी0यू0ए0टी0 पन्तनगर,में शैक्षिक सत्र 2023–24 हेतु **B Tech 2nd Year (Lateral Entry)** एवं **B Pharma 2nd Year (Lateral Entry)** में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Counselling Phase | Period of Counselling Fee Deposition, Online registration and Choice filling | Seat Allotment Date | Last Date of Select option (Freeze/Float /Withdraw) | Date of Reporting in Allotted institutions by the candidate's |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 30 मई 2023 से 03 जून 2023 | 08 जून 2023 | 10 जून 2023 | 11 जून 2023 से 14 जून 2023 |
| द्वितीय | 15 जून 2023 से 17 जून 2023 | 22 जून 2023 | 24 जून 2023 | 25 जून 2023 से 27 जून 2023 |
| तृतीय | 28 जून 2023 से 30 जून 2023 | 05 जुलाई 2023 | 07 जुलाई 2023 | 08 जुलाई 2023 से 10 जुलाई 2023 |

### प्रवेश (काउंसिलिंग) हेतु दिशा–निर्देश :–

- **B Tech 2nd Year (Lateral Entry)** एवं **B Pharma 2nd Year (Lateral Entry)** पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) की मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) के प्राप्तांकों के अनुपात के आधार पर मेरिट बनाकर काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।
- यदि योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) का परिणाम नही आया है, तो उनकी मेरिट के लिये प्राप्तांको के अनुपात की गणना उनके पिछले वर्षो के प्राप्तांको के अनुपात (प्रथम वर्ष के 50 प्रतिशत एवं द्वितीय वर्ष के 50 प्रतिशत (**कोई बैक/कैरी पेपर न हो**)) के अनुसार की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश के समय संस्थान में इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि **''अभ्यर्थी डिप्लोमा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2023 से पूर्व संस्था में जमा करेगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाय जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी''**। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) तथा अर्हता (**eligibility**) निम्नवत है:–

| SN | COURSE | Dur | MINIMUM QUALIFICATION |
|---|---|---|---|
| 1 | B. Tech Lateral Entry (Second Year) | 3 Year | Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology.<br>OR<br>Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10+2 examination with Mathematics as a subject.<br>**Preference will be given to Diploma passed candidates** |
| 2 | B. Pharm Lateral Entry (Second Year) | 3 Year | Passed Diploma examination in a Program from an PCI approved Institution, with at least 45% marks (40% in case of candidates belonging to reserved category) in appropriate Program. |

- आनलाईन काउंसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थी को काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee, Non Refundable) रु–2000/– प्रवेश काउंसिलिंग पंजीकरण के साथ बेवपोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा।
- काउंसिलिंग शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा संस्था/ब्रॉच के विकल्प भरने होंगे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण में विकल्प भरे जायेंगे उन्हें पुनः द्वितीय अथवा तृतीय चरण की काउंसिलिंग में विकल्प भरने की आवश्यकता नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी को अधिकाधिक विकल्प भरने की सलाह दी जाती है।
- प्रथम काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित होती है तो उसके पास निम्नानुसार 3 विकल्प होंगे–

1. Freeze 2. Float 3. Withdraw

**1-** **Freeze-** अभ्यर्थी द्वारा **Freeze** विकल्प चुनने पर अभ्यर्थी को रु0 10000/–(दस हजार) ऑनलाईन प्रवेश हेतु निदिष्ट बेवपोर्टल पर जमा कराने होंगे एवं निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। साथ ही वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी **Freeze** विकल्प चुनने के बाद पुनः काउंसिलिंग में सम्मिलित होना चाहता है ऐसे अभ्यर्थी को नये अभ्यर्थी के रूप में पुनः आगामी काउंसिलिंग में पंजीकरण कर सम्मिलित होने के लिए काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee) रु0 2000/– जमा करना होगा। एवं तद्समय उपलब्ध विकल्पों में से विकल्प भरने होंग।

**2-** **Float-** अभ्यर्थी द्वारा **Float** विकल्प चुनने पर भी अभ्यर्थी को रु0 10000/–(दस हजार) ऑनलाईन जमा कराने होंगे एवं बेहतर **(भरे हुये विकल्पो में से आबंटित विकल्प से ऊपर पर के विकल्प की सीट)** सीट आवंटन के लिये द्वितीय काउंसिलिग के सीट आवंटन की प्रतीक्षा करनी होगी। यदि अभ्यर्थी को द्वितीय काउंसिलिंग में बेहतर सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः पुरानी सीट ही आवंटित रहेगी तथा उसे बेहतर सीट के लिए तृतीय काउंसिलिंग के सीट आवंटन की प्रतीक्षा करनी होगी। यदि अभ्यर्थी को तृतीय काउंसिलिंग में बेहतर सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः पुरानी सीट ही आवंटित रहेगी एवं अभ्यर्थी को उसी सीट पर निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी को द्वितीय अथवा तृतीय काउंसिलिंग में उत्तम सीट आवंटित होगी तो उसके पास सीट **Freeze** करने का विकल्प उपरोक्तानुसार होगा। सीट **Freeze** करने पर अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। साथ ही वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा।

**3-** **Withdraw-** अभ्यर्थी द्वारा **Withdraw** विकल्प चुनने पर वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी द्वारा अगली काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने के लिये पुनः नये अभ्यर्थी के रूप में पंजीकरण कर काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee) रु0 2000/– ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा एवं तद्समय उपलब्ध विकल्पों में से विकल्प भरने होंग।

- प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को आगामी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु कोई शुल्क नहीं देना होगा।
- आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in पर उपलब्ध रहेगी। अतः अभ्यर्थी काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व समस्त प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।
- आनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in में Login-ID/Password बनाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।
- अभ्यर्थी वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं पासवर्ड बनाते समय अपना सम्पूर्ण विवरण ध्यान पूर्वक चेक कर एवं आवश्यक संशोधन रजिस्ट्रेशन के समय ही कर लें। रजिस्ट्रेशन में अभ्यर्थी जो सूचना भरेगा, अभ्यर्थी के पास प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र होने अनिवार्य होंगे अन्यथा उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।
- संस्थान, ब्रॉच आवंटन की जानकारी के लिए अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के दौरान वेबसाईट पर अपना Allotment Letter प्रिंट कर सकता है।

- अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में निर्धारित अंतिम तिथि तक समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों सहित समस्त प्रमाण पत्रों की एक सत्यापित छायाप्रति, 2 फोटो के साथ उपस्थित होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु आवंटित संस्थान द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन भी किया जायेगा।
- लेटरल एन्ट्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड स्थाई निवासी होना अथवा पाठ्यक्रम हेतु न्यूनतम अर्हता (डिप्लोमा) उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश के लिये न्यूनतम अर्हता (डिप्लोमा) उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण होने की दशा में अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी की सीट के लिये ही पात्र होंगे। महिला अभ्यर्थियों को भी महिला सीट में प्रवेश के लिये स्थाई निवास की अनिवार्यता होगी।
- Armed Force (AF) की सीट Ex Service Man के आश्रितों के लिये है। इसके लिये प्रमाण पत्र सैनिक पुर्नवास कल्याण बोर्ड द्वारा जारी मान्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षण से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के समय उपरोक्तानुसार आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं तो अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा और अगले चरण की काउंसिलिंग में उक्त सीट को रिक्ति के रूप में प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
- लेटरल एंट्री के लिए तृतीय काउंसिलिंग के उपरान्त उपलब्ध रिक्त सीटों को उत्तराखण्ड राज्य के अलावा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी द्वारा कृषि इंजीनियरिंग को छोड़कर इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में उत्तराखण्ड तकनीकी शिक्षा बोर्ड के समकक्ष डिप्लोमा (ए0आई0सी0टी0ई0 मानदण्डों के अनुसार) उत्तीर्ण किया हो।
- प्रवेश में इच्छुक अभ्यर्थी आनलाईन काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गॉवं में कहीं से भी काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकते है।
- छात्र आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समय–समय पर जारी आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए निरन्तर वेबसाईट http://uktech.ac.in पर सम्पर्क करते रहें।
- काउंसिलिंग से एवं प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए निम्नवत् हैल्पलाइन नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं:–

| | |
|---|---|
| Regarding Website/Technical Error | 9151988051 - 9045133390 |
| Regarding Qualification/ Eligibility & Counselling Process | 9045633821 - 9012777050 - 7579099688 |
| Regarding Financial/Fee Error | 8477009055 - 8630332869, |

- काउंसिलिंग/प्रवेश तिथियों में प्रातः 10 बजे से 5 तक सम्पर्क कर सकते हैं अथवा काउंसिलिंग सम्बन्धी ईमेल **helputuums@uktech.ac.in or counseling@uktech.ac.in** पर किसी भी समय सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश हेतु इच्छुक संस्थान/ब्रॉच के विकल्प (Choices) भर सकते है एवं भरे गये विकल्पो का प्रिंट आउट प्राप्त कर लें। विकल्प भरते समय अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लेवे कि विकल्पो का चयन करते समय किसी के दबाव में विकल्पों को न भरें, विकल्पों के विषय में समस्त जानकारी प्राप्त होने पर ही विकल्प भरें। साथ ही Login-ID/Password को किसी के साथ साझा (Share) न करें। यदि आपके द्वारा Login-ID/Password को किसी के साथ साझा करने पर अभ्यर्थी के विकल्पों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
- रविवार एवं अवकाश के दिवसों में भी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान रहेगी।
- **नोट :– विश्वविद्यालय द्वारा शेष पाठ्यक्रमों B.Tech , B.Pharma, B.H.M.C.T, M.B.A, M.C.A, M.Tech, M.H.M, Pharm–D, B.A.L.L.B, B.B.A L.L.B, L.L.M. में प्रथम वर्ष हेतु प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uktech.ac.in पर शीघ्र उपलब्ध होगी।**

विज्ञापन सं0 719/UTU/Counseling–2023/काउं0सू0/2023–24 दिनांक 26 मई 2023

**कुलसचिव**